यदि आपको गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने में कोई कठिनाई आती है तो क्या करना चाहिए?

संपर्क करें:

NHS 24 हेल्पलाइन [लिन्हा sns 24]:
808 24 24 24
24/7 उपलब्ध

SOS प्रेग्नेंसी लाइन:
808 201 139 **213 862 020**
कामकाज के दनिों में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध है।

यदि आप अनुवाद संबंधित मदद चाहते है, तो आपको माइग्रेशन के लिए कमीशन (ACM, I.P.) की टेलीफोन अनुवाद सेवा से
808 257 257 **218 106 191**
पर संपर्क करना चाहिए। यह सुविधा कामकाज के दिनों में सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक उपलब्ध है।

IOM UN MIGRATION
FUNDO ASILO, MIGRAÇÃO E INTEGRAÇÃO
SGMAI SECRETARIA GERAL MINISTÉRIO DA ADMINISTRAÇÃO INTERNA
União Europeia
REPÚBLICA PORTUGUESA SAÚDE
SNS SERVIÇO NACIONAL DE SAÚDE
DGS desde 1899 Direção-Geral da Saúde

भारतीय

पुर्तगाल में प्रेग्नेंसी हेल्थ केयर का लाभ लेना

सूचनात्मक मार्गदर्शिका

मैं गर्भवती हूँ, अब क्या करना चाहिए?

गर्भवती महिलाओं को अपने घर के नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाना चाहिए और आदर्श रूप से, गर्भावस्था के 12 हफ्ते तक, जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी अपनी गर्भावस्था की जांच करने के लिए अपॉइंटमेंट लेना चाहिए। पहली तीन महीने में स्क्रीनिंग करवाना बहुत ज़रूरी है, इसलिए आपको स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने में देरी नहीं करनी चाहिए। गर्भावस्था के दौरान, माँ और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य की स्थिति को जानने के लिए नियमित रूप से जाँच की जाएगी।

मुझे स्वास्थ्य केंद्र में कौन से दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे?

- पहचान के लिए वैध दस्तावेज, उदा. पासपोर्ट या रेसिडेंस परमिट;
- रेसिडेंस सर्टिफिकेट, आपके निवास के क्षेत्र में, पैरिश परिषद द्वारा जारी किया गया|

क्या मान्य आईडी नंबर और रेसिडेंस परमिट न होने पर भी में हेल्थ केयर का लाभ ले सकती हूँ?

हां, पुर्तगाल में सभी गर्भवती महिलाओं को हेल्थ केयर का लाभ लेने का अधिकार है, जिसे अस्वीकार नहीं किया जा

क्या मुझे मेडिकल केयर के लिए पैसे देने होंगे?

नहीं। गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था की जांच, बच्चे के जन्म और बच्चे के जन्म के दो महीने बाद तक स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने के लिए भुगतान करने से छूट दी गई है;

- गर्भवती महिलाएं, जिनके पास मान्य रेसिडेंस परमिट हो;
- वह गर्भवती महिलाएं, जिनके पास अपने देश और पुर्तगाल के बीच चिकित्सा सहायता और दवा पर अनुबंधित दस्तावेज हो;
- गर्भवती महिलाएं जो अपने निवास के क्षेत्र में पैरिश परिषद द्वारा जारी निवास का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करती हो

बच्चे का जन्म होने के पहले यदि लक्षण दिखाई दें तो मुझे कहाँ जाना चाहिए?

नज़दीकी हॉस्पिटल या मेटरनिटी हॉस्पिटल के इमर्जन्सी रूम में।

जन्म के बाद, बच्चे की 18 वर्ष की उम्र (समावेशी) तक बच्चे और किशोर स्वास्थ्य परामर्श का लाभ उठा सकता है।